Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year-**14 **Issue-** 49
Ghaziabad, Sunday, 07 May- 2023

07 May to 13 May- 2023

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB-80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:**101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 2

Page 5

Page 7


# उत्तर प्रदेश में अब ना कोई कर्फ्यू ना कोई दंगा चारों तरफ चंगा ही चंगाः सीएम योगी आदित्यनाथ



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में आगामी 11 मई को निकाय चुनाव संपन्न होने हैं।सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी ताकत होती हुई है।इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हुई शुक्रवार को गाजियाबाद पहुंचे और उन्होंने कवि नगर रामलीला मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और भाजपा को समर्थन करने वाले लोग सभा स्थल पहुंचे। जहां पर सुरक्षा की दृष्टि से चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को चाक चौबंद रखा गया और चप्पे-चप्पे पर पुलिस कर्मी तैनात दिखाई दिए। जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभा स्थल पहुंचे तो योगी मोदी और भाजपा जिंदाबाद के नारे से पूरा इलाका गूंज गया। कार्यकर्ता अपने प्रिय नेता को सुनने और देखने के लिए बेहद आतुर दिखाई दिए। वहीं दूसरी तरफ जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच पर पहुंचे तो मौके पर पहुंचे। इन लोगों ने प्रिय नेता का नारे लगाते हुए हाथ मिलाकर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मंच से लोगों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और अब प्रदेश में माफिया नहीं महोत्सव यूपी की पहचान है। खासतौर से यूपी की पहचान अब विकास कार्यों से है और कावड़ यात्रा भी खास पहचान है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब से देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है। तब से समूचा उत्तर प्रदेश विकास की ऊंचाई को छू रहा है। चहुं ओर विकास नजर आ रहा है और अभी भी विकास कार्य लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश के किसानों के साथ बड़ा धोखा होता था। उन्हें छला जा रहा था। लेकिन अब भाजपा सरकार में किसानों को बड़ी राहत है।उधर विकास की बात की जाए तो प्रदेश भर में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन उपलब्धियों का उत्तर प्रदेश हकदार था।उसे हक नहीं मिल पा रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश को उसका हक मिल रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में पेशेवर अपराधियों और माफियाओं के हाल के बारे में अब बच्चा - बच्चा जानता है। हर कोई अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी में ना कोई कर्फ्यू ना कोई दंगा अब उत्तर प्रदेश में केवल चंगा ही चंगा है। उन्होंने कहा कि पिछले 6 वर्ष के अंदर प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ। पहले आए दिन कहीं ना कहीं गगा होने की खबर आती थी। व्यापारी परेशान रहते थे उनसे रंगदारी मांगी जाती थी उन्हें धमकी दी जाती थी जबकि आज प्रदेश में हर व्यापारी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस तरह की स्थिति आ गई है।अब अपराधी खुद गले में तख्ती डाल कर थाने पहुंच जाते हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार ने सबसे बड़ा काम व्यापारी कल्याण बोर्ड के माध्यम से व्यापारी को 10 लाख का बीमा दिया है।अपराधी सिर झुका कर चलते हैं और अपनी जान की भीख मांगते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पहले वाला उत्तर प्रदेश नहीं है।आप पूरे देश का पेट भरने की सामर्थ उत्तर प्रदेश में है। आज उत्तर प्रदेश की पहचान देश में अलग तरह से होती है।इतना ही नहीं यदि कोई बाहर जाता है तो वह बड़े गर्व के साथ सीना तान कर कहता है कि मैं भारत का रहने वाला हूं।

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले सभी शहरों में कूड़े के ढेर नजर आते थे और अब वहीं शहर स्मार्ट सिटी बन गए हैं। विरोधियों ने युवाओं के हाथों में तमंचा कमाने का काम किया।जबकि भारतीय जनता पार्टी ने टेबलेट दिए हैं।उन्होंने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लाभ गाजियाबाद वासियों को भी मिलेगा। केवल 9 वर्ष में देश की दिशा कैसे बदली जा सकती है। उसे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में कर दिखाया है।आज भारत का दुनिया भर में नाम हो रहा है।

# सपा मेयर प्रत्याशी पूनम यादव को जिताने के लिए गठबंधन दलों के सब नेता एकजुटः राकेश यादव

## विरोधी फैला रहे हैं गठबंधन दलों के नेताओं में समन्यवय न होने का आरोपः सिकंदर यादव




**गाजियाबाद।** सपा के पूर्व एमएलसी व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राकेश यादव ने कहा कि सपा-रालोद-आसपा के नेता व कार्यकर्ता एकजुट हैं और सभी एकजुट होकर सपा मेयर प्रत्याशी पूनम यादव को जिताने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन दल के तीनों नेताओं में बेहतर तालमेल है और सब पूनम यादव को जिताने के लिए जी जान से जुटे हुए हैं। राकेश यादव गुरुवार को सपा मेयर प्रत्याशी पूनम यादव के मुख्य चुनाव कार्यालय पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी दलों के कार्यकर्ता एकजुट होकर पूनम यादव के चुनाव प्रचार में लगे हैं और सब जगह सपा प्रत्याशी को अपार जनसमर्थन मिल रहा है, लेकिन कुछ लोग एक साजिश के गलतफहमी फैलाने में लगे हैं, लेकिन इसका मतदाताओं पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पूनम यादव के पक्ष में जबरदस्त मौहाल बना हुआ है

मेयर प्रत्याशी पूनम के पति सिकंदर यादव ने कहा कि गठबंधन दल के नेताओं में कहीं भी किसी भी तरह का मनमुटाव नहीं है। उनके साथ सभी मिलकर चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। लेकिन उनके कुछ विरोधी गठबंधन के नेताओं में मनमुटाव की झूठी बात प्रचारित करके जनता को गुमराह करना चाहते हैं, लेकिन ऐसे लोगों को अपने मकसद में कामयाबी नहीं मिलेगी। जनता ने इस बार बदलाव का इरादा कर लिया है और मतदाता पूनम यादव को ही अपनी नई मेयर के रूप में देखना चाहते हैं। प्रेस वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष फैजल खान, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विशाल वर्मा, मधु चौधरी, राज देवी चौधरी, रालोद नेता अमरजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह टीटू आदि तमाम सपा, रालोद व आजाद समाज पार्टी के नेता मौजूद थे।

# श्रीबद्रीनाथ धाम के रूप रंग जैसा निगम तैयार कर रहा है उत्तरांचल भवन

## रफ्तार से चल रहे कार्य पर उत्तरांचल समाज की समितियों ने नगर आयुक्त का जताया धन्यवाद





**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत उत्तरांचल भवन का निर्माण कार्य लगातार रफ्तार से चल रहा है जो कि 1661.90 वर्ग मीटर पर बनाया जा रहा है। जिसका ग्राउंड फ्लोर पर स्लैप डालने का कार्य हो चुका है। फर्स्ट फ्लोर पर शटरिंग का कार्य चल रहा है। उत्तरांचल भवन पर कार्य की रफ्तार तेजी से चल रही है जिस के क्रम में उत्तरांचल समाज की समितियों के पदाधिकारियों द्वारा एक बैठक भी मौके पर की गई जिसमें उत्तरांचल समाज की कई समितियों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया साथ ही गाजियाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ के नेतृत्व में रफ्तार से चल रहे कार्यों की सराहना की, नगर आयुक्त महोदय तथा निगम की टीम का धन्यवाद जताया गया।

मुख्य अभियंता निर्माण एन.के. चौधरी द्वारा उपस्थित उत्तरांचल समिति के पदाधिकारियों को उत्तरांचल भवन की प्रगति के बारे में अवगत कराया उनके द्वारा बताया गया कि श्री बदरीनाथ धाम जी के रूप रंग जैसा उत्तरांचल भवन तैयार करने का प्रयास है जिसमें ग्राउंड फ्लोर तथा पहली मंजिल का कार्य चल रहा है। पहली मंजिल पर चार कमरे एक वीआईपी रूम तथा एक वीवीआइपी रूम भी बनाया गया है जिसमें 120 कैपेसिटी का हॉल भी तैयार किया जाएगा।

ग्राउंड फ्लोर पर 500 कैपेसिटी का हॉल तैयार किया गया है जिसमें किचन एरिया भी है अन्य चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में उपस्थित जनों को अवगत कराया गया। समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्टेज बनाने की मांग की गई जिस पर नगर आयुक्त द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त महोदय द्वारा उपस्थित जनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समय रहते उत्तरांचल भवन का कार्य पूर्ण किया जाएगा जो कि सभी समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगा उत्तरांचल भवन में पत्थरों का काम जोरों से चल रहा है जोकि राजस्थान से चयनित कर मंगाए गए हैं गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत इस विशाल भवन के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है जिसके लिए संबंधित अधिकारी लगातार नजर बनाए हुए हैं आवश्यक सुविधाओं से युक्त उत्तरांचल भवन समाज के बेहतर कार्यों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा नगर आयुक्त महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को इसी प्रकार बेहतर व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए निर्देशित भी किया गया।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा तैयार किए जा रहे, उत्तरांचल भवन की प्रगति चर्चा पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा उत्तरांचल भवन की प्रगति के बारे में विस्तार से बताया साथ ही आगामी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया मौके पर उत्तराखंड समाज केंद्रीय समिति संजय नगर, उत्तरांचल सदस्य एवं जन कल्याण समिति नंदग्राम, पार्वती जन कल्याण समिति संजय नगर, उत्तरांचल क्लब वेलफेयर एसोसिएशन प्रताप विहार, उत्तराखंड जन समिति लोहिया नगर, पार्वती प्रवासी इंदिरापुरम, उत्तराखंड एकता वैशाली के पदाधिकारी उपस्थित रहे गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कराए जा रहे बेहतर कार्यों की सराहना की साथ ही नगर आयुक्त महोदय का कुशल नेतृत्व में कार्यों को रफ्तार से कराने हेतु धन्यवाद जताया।

# एमबी गर्ल्स इंटर कॉलेज में नशा मुक्त भारत वर्ष कार्यक्रम का आयोजन

**गाजियाबाद।** ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा ट इ गर्ल्स इंटर कॉलेज नवयुग मार्केट में नशा मुक्त भारत वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न पोस्टरों के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया है 100 से ज्यादा छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया ट्रस्ट की अध्यक्ष ममता गुप्ता द्वारा नशे के दुष्परिणाम बताए गए ट्रस्ट द्वारा छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें राकेश गुप्ता जी डॉक्टर नीलम शर्मा, अतुल



आनंद, वंदना, एक चंचल जैन रूप शर्मा का योगदान रहा विद्यालय की प्रिंसिपल अंतिमा चौधरी जी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया है अध्यापिकाएं हेमलता शैलप्रभा जी का विशेष योगदान रहा

# चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि पर हवन कर पुष्पांजलि अर्पित की

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय गाजियाबाद पर किसानों के मान-स्वाभिमान के रक्षक, किसान हित में अपना जीवन समर्पित कर देने वाले राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि पर हवन किया गया और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अमित त्यागी सरना, महानगर अध्यक्ष डॉ. रेखा चौधरी, जिला पंचायत सदस्य रवि बाल्मीकि, खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगराज सिंह बालियान व जिलाध्यक्ष डॉ. संजय बंसल, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह



बिडडी, पूर्व प्रदेश महासचिव ऑडी त्यागी, पूर्व जिला महासचिव प्रदीप त्यागी, कृष्णपाल डायरेक्टर, रविन्द्र पंवार, रवि तेवतिया, विनोद, प्रवीण आदि अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। सभी ने चौधरी साहब के आदर्शों पर चलने का प्रण लिया।

# युथ अवेकनिंग मिशन द्वारा आयोजित स्वराज सभा में पहुँचे युवाओं से प्रबुद्ध वक्ताओं ने बात की





**नई दिल्ली।** पावन चिंतन धारा आश्रम के युवा प्रकल्प, यूथ अवेकनिंग मिशन द्वारा कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, दिल्ली में स्वराज सभा का आयोजन किया गया। जिसका विषय था ह्यकल्चरल कॉन्फ्लिक्टस एंड कॉन्स्टिट्यूशनह्व। जहाँ विभिन्न सत्रों में युवाओं से चर्चा करने हेतु देश के जाने-माने थिंक टैंक एवं वक्ता गण, जिनमें प्रो. पवन सिन्हा ह्यगुरुजीह्व, जस्टिस शंभु नाथ श्रीवास्तव, प्रो. योगेश गुप्ता, पत्रकार पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ, कर्नल आर.एस.एन. सिंह, अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन एवं जे.साई दीपक उपस्थित थे।

सत्र का प्रारंभ विषय प्रस्तुति द्वारा करते हुए आश्रम के संस्थापक तथा विख्यात संत प्रोफेसर पवन सिन्हा 'गुरुजी' ने कहा कि समाज में सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में बहुत से गंभीर मुद्दों पर पर चर्चा होनी चाहिये, जो अब नही होती। समाज मे व्याप्त सकारात्मकता तथा नकारात्मकता हमारे जीवन एवं हमारे घर तक पर बड़ा प्रभाव डालती है। स्वराज सभा जैसी चर्चाएं हमे सकारात्मकता की ओर ले जाएगी। आगे आने वाले कुछ वर्षों में ही कोर्ट में बड़ी लड़ाईयां लड़नी होंगी जिसे संविधान के दायरे में रहकर ही लड़ा जा सकता है। इसलिये अपने संविधान को समझने की बड़ी जरूरत है, और आज का युवा इसमें बड़ी भूमिका रखता है, इसलिये आज के इस सत्र - 'कल्चर कॉन्फ्लिक्टस एंड कॉन्स्टिट्यूशन' में हो रही चर्चा मौजूदा स्थिति को अच्छे से समझ भविष्य के लिये तैयार करेगी।

फिर जस्टिस शंभू नाथ श्रीवास्तव व प्रोफेसर योगेश गुप्ता ने विषय पर अपनी बात कर युवाओं को देश संस्कृति और संविधान को गहनता अध्ययन कर समझने व उसमें आज के परिपेक्ष में आवश्यक बदलाव हेतु प्रयास करने का सन्देश दिया। फिर नए सत्र में हिंदू राष्ट्र-पॉलिटिकल ड्रीम और कॉन्स्टिट्यूशनल रियलिटी के दौरान सनातन अथवा हिन्दू राष्ट्र पर बात करते हुए मशहूर पत्रकार पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने कहा स्वामी विवेकानंद जी भारतीय एवं सनातन संस्कृति के केंद्र है और सुभाष चंद्र बोस उस संस्कृति के रक्षाकवच है। धर्म वह नही जो आज के समय मे प्रयोग किया जाता है जबकि सनातन संस्कृति में धर्म शब्द का प्रयोग कर्तव्य के लिये आदिकाल से हो रहा है, मजहब तो कुछ सौ साल ही पुराना है। हम हिन्दू इस सृष्टि के साथ जीते हैं इसलिये जब तक ये सृष्टि रहेगी तब तक सनातन रहेगा।

इसलिये भारत राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक रूप से हिन्दू राष्ट्र ही है। इस विषय पर बात करते हुए पूर्व रॉ. अधिकारी कर्नल आर.एस.एन. सिंह ने कहा हमारी सांस्कृतिक विरासत को बचाये रखने हमारा काम है, और भारतीय संस्कृति को बचाने का कार्य केवल हिन्दू ही कर रहा है। इसलिये स्वाभाविक रूप से भारत केवल हिन्दू राष्ट्र ही है।

कॉन्स्टिट्यूशन एंड प्रोस्पेक्टिव्स आफ गवर्नमेंट इंटरफ्रेंस इन टेंपल विषय पर पर सुप्रीम कोर्ट के विख्यात एडवोकेट विष्णु शंकर जैन जी ने बात करते हुए भारत के मंदिरों के अधिकारों तथा सरकार की भूमिका पर चर्चा की। तदुपरांत इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन फॉर भारत विषय पर बात करते हुए मशहूर वक्ता एडवोकेट जे साई दीपक ने कहा कि देश काल वातावरण के अनुसार हर नियम में बदलाव जरूरी है इसलिये अब समय है हम अपने संविधान का भी पुनरावलोकन करें।

# 'कोविड के लक्षण और बचाव' विषय पर एक सेमिनार आयोजित




**गाजियाबाद।** मैक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल एवं आरएचएम फाउण्डेशन, रोटेरी हेल्थ अवरनेश मिशन के संयुक्त तत्वाधान में जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल, शक्ति खण्ड-2, इन्दिरापुरम में 'कोविड के लक्षण और बचाव' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ शरद जोशी, एसोसिएशन डायरेक्टर एंड हे ड पुलमोलॉजी, मैक्स हॉस्पिटल रहे। डॉ शरद जोशी ने कोविड के लक्षण एवं प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की और कोविड से कैसे बचा जा सकता है इसकी भी जानकारी दी। इस अवसर पर आरएचएम फाउण्डेशन के फाउण्डर धीरज कुमार भार्गव, दयानन्द शर्मा, मनीषा भार्गव, वरूण गौर, निधि गौर ने भी कोविड पर अपने विचार रखे।

# सपा-रालोद-आसपा गठबंधन प्रत्याशी पूनम यादव ने किया चुनाव प्रचार

## पूनम यादव को माताओं-बहनों का मिला भारी समर्थन

**गाजियाबाद।** सपा-रालोद-आसपा गठबंधन प्रत्याशी पूनम यादव ने विजयनगर क्षेत्र में अपना चुनाव प्रचार किया। इस दौरान पूनम यादव को माताओं-बहनों का भारी समर्थन मिला। सभी ने एक स्वर में गठबंधन प्रत्याशी पूनम यादव के पक्ष में वोट देने का वादा किया।

सपा-रालोद-आसपा गठबंधन प्रत्याशी पूनम यादव के पति सिकंदर यादव ने कर्मवीर नागर के साथ तुराबनगर में जनता से संपर्क किया। उन्होंने गठबंधन दलों के कार्यकताओं के साथ भी क्षेत्र की जनता मुलाकात कर मेयर प्रत्याशी पूनम यादव के लिए वोट मागें। उन्होंने 11 मई को मतदान के दिन साइकिल के चुनाव चिन्ह वाले बटन दबाकर पूनम यादव को जिताने की अपील की।





उधर हरसांव गांव में भी सिकन्दर यादव व अमित यादव ने घर-घर जाकर लोगों मिले और जनसंपर्क कर गठबंधन प्रत्याशी पूनम यादव को वोट देकर उन्हें भारी मतों से जिताने की अपील की। इससे पहले मेयर प्रत्याशी पति सिकंदर यादव ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर फूल चढ़ाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया और फिर भगवान शिव के मंदिर में फूल अर्पित करके उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। हरसांव के नागरिकों ने पूनम यादव को ही वोट देकर विजयी बनाने का वादा किया।

# उत्कृष्ट विद्यार्थियों को नगर आयुक्त ने किया सम्मानित, बताए कचरा पृथक्करण के फायदे, स्वच्छता के लिए किया मोटिवेट



**गाजियाबाद।** होली चाइल्ड स्कूल गाजियाबाद में 10वीं तथा 12वीं कक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ के द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। नगर आयुक्त द्वारा स्कूल प्रबंधक तथा विद्यार्थियों व अभिभावकों को कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी। साथ ही पेंटिंग डांस खेलकूद व अन्य क्षेत्र में मेहनत से कार्य कर रहे विद्यार्थियों को भी उत्साहित करने के लिए कहा।

नगर आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों को विद्यार्थियों को कचरा पृथक्करण के फायदे बताएं आने वाले समय में कचरा पृथक्करण का शहर को क्या लाभ मिलेगा उसके बारे में चर्चा की साथ ही अभिभावकों को, स्कूल स्टाफ को तथा विद्यार्थियों को कचरा अलग-अलग रखने के लिए अपील की नगर आयुक्त द्वारा सूखा कचरा अलग डस्टबिन में तथा गीला कचरा अलग डस्टबिन में रखकर निगम को देने के लिए अपील की गई। साथ ही अपने आसपास रहने वाले निवासियों को भी कचरा पृथक्करण का संदेश देने के लिए उत्साहित किया गया कचरा पृथक्करण से शहर वासियों को लाभ प्राप्त होगा इसके बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश मौके पर उपस्थित रहे जिनके द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के अंतर्गत नगर आयुक्त के कुशल नेतृत्व में स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्य को विद्यार्थियों से साझा किया' गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखने का बेहतर प्रयास किया जा रहा है इसके लिए विभिन्न योजनाओं में कार्य किए जा रहे हैं जिसके लिए विद्यार्थियों का जागरूक होना अति आवश्यक है मोटिवेट किया गया तथा निगम के कार्यों की सराहना की गई।

# Editorial

## Drug Trap

drug trapConcern has been expressed for a long time about the increasing drug addiction among the youth. There are strict laws to prevent this, anti-narcotics squads are seen active, yet neither their availability is decreasing nor the number of people consuming them. A recent study has expressed concern that teenagers between the ages of 10 and 17 could become addicted to heavy drugs in the next decade.Mental health issues, work pressure, rising unemployment and changing socio-economic conditions affect this group the most. Due to this, they easily fall under the influence of drugs. According to the study, the scope of increasing drug addiction will increase in both rural and urban areas. Since India is the country with the largest youth population, this study is more worrying. To overcome this, researchers have suggested some measures, in which the responsibility of parents and social organizations has been underlined. But the way the narcotics business is spreading rapidly, these institutions are often seen as powerless.It is not a hidden thing and so many types of drugs are easily available in the market that for many teenagers and youth now they seem to be common consumption items. Such drugs are consumed secretly from parents, teachers, relatives, acquaintances, so it is difficult for them to keep watch.Many parents get a clue of this only when some serious health problem arises in their children. By then it is too late to curb their addiction, and many teenagers are not even helped by counseling. They become aggressive and are full of anger all the time.In the last few years, many such cases have come to light, in which a huge consignment of narcotics was caught at some port or other places. On the basis of them, it can be estimated that how big drug business is flourishing in the country. But whenever there is a question of banning the purchase and sale of such substances, then by catching some people consuming them in sporadic gatherings, etc., their responsibility is accepted as complete.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# Hockey India names 18-member India Colts Team for Men's Junior Asia Cup 2023



**Bengaluru.** Hockey India on Thursday named the 18-member Indian Junior Men's Hockey Team for the highly anticipated Men's Junior Asia Cup 2023 to be held in Salalah, Oman from May 23 to June 1.

This will be a qualifying event for the forthcoming FIH Junior Men's World Cup in Malaysia this December and will see India grouped in pool A along with nemesis Pakistan, Japan, Thailand and Chinese Taipei while Korea, Malaysia, Oman, Bangladesh and Uzbekistan are grouped in pool B. The Indian Junior Men's Team features an experienced mix of players who have in the past played the previous edition of FIH Junior World Cup in 2021 held in Bhubaneswar, Odisha as well as in 10th Sultan of Johor Cup 2022 where India clinched the title. Uttam Singh has been named the Captain with Boby Singh Dhami as the Vice Captain of the squad. Mohith HS and Himwaan Sihag have been named as goalkeepers while Shardanand Tiwari, Rohit, Amandeep Lakra, Amir Ali and Yogember Rawat will form India's defence. The midfield will see the experienced Vishnukant Singh who had a fantastic outing during the recently-held FIH Hockey Pro League in Rourkela. He will be joined by Rajinder Singh, Poovanna CB, Amandeep and Sunit Lakra while Boby Singh Dhami, Araijeet Singh Hundal, Aditya Lalage, Uttam Singh, Sudeep Chirmako and Angad Bir Singh have been named in the forward line. Speaking about the team selection, Indian Junior Men's Coach CR Kumar said, "We have a fairly experienced team with some of the players also having made their Senior debut in the recent tournaments. Winning the Sultan of Johor Cup was a big motivating factor and the team is very well prepared for this tournament." "We have gone through two preparatory and two competition cycles which have helped the players gain the right amount of exposure. With the Senior team also based out of the same camp here at SAI, Bengaluru, we were able to get ample experience playing matches against them. The team is upbeat and we look to finish on the top," Kumar added. Indian Junior Men's Team: Goalkeepers: Mohith H S, Himwaan Sihag Defenders: Shardanand Tiwari, Rohit, Amandeep Lakra, Amir Ali, Yogember Rawat Midfielders: Vishnukant

# Only Dhoni knows when he'll retire from IPL: Harbhajan



**Kolkata.** Chennai Super Kings captain MS Dhoni once again kept everyone guessing about his future in IPL. The former India cricketer, when asked during the toss against Lucknow Super Giants in Lucknow, about his retirement talks bowled a googly telling commentator Danny Morrison that he never commented on whether or not IPL 2023 will be his last season.

The four-time IPL winning captain's statement was enough to trigger a debate over his retirement rumours and even the esteemed experts in the Star Sports commentary panel weren't untouched by it. Former India cricketer Harbhajan Singh while commenting on MS Dhoni's IPL future stated only Dhoni knows when he'll retire. Harbhajan said, "Only MS Dhoni knows when Dhoni will retire. I said last year that will play this year. I don't know if he will play next year as well. Yes, if he plays next year, the fans will be happy to see him playing. Fans have always wanted to see him playing." Former India cricketer Mohammed Kaif went on highlight the importance of MS Dhoni - who isn't just a player but also a mentor - in the CSK set-up. Md Kaif said, "Mahi is no longer playing as a player but as a mentor.

He chooses the team. Let's get on the field. He does not tease the seniors much but keeps on teaching the youth all the time. He wants every player, playing under him, to perform well as it will make the team's job easier." Sunrisers Hyderabad will take on Kolkata Knight Riders and will be aiming to continue the winning momentum. Young SRH batter Abhishek Sharma will be the cynosure of all eyes in the game.

# Efforts on to create qualitative sports facilities up to Panchayat levels in J&K: Jammu Divisional Commissioner

**Jammu.** Stating that to channelize the energy of youths in the positive direction by encouraging activities through sports, education and drug de-addiction drives, Jammu Divisional Commissioner, Ramesh Kumar on Thursday said that many efforts have been made to create qualitative sports facilities up to Panchayat levels in the Union Territory.

Kumar, flanked by Deputy Commissioner Jammu, Avny Lavasa, after declaring open inter-Panchayat Sports Competition (Anti Drugs Sports Tournament) at Khel Gaon Nagrota in the city outskirts, appreciated the District administration Jammu and Department of Youth Services and Sports for organising the sports activities and developing




sportsmanship among the children to infuse discipline and save them from drug addiction and other social evils. The event is being organised by District Administration Jammu and Youth Services and Sports Department under the aegis of 'Nasha Mukt Bharat Abhiyan'. Additional Deputy Commissioner, Harvinder Singh; District Social Welfare Officer Jammu, Mamta Rajput, CMO Jammu, Dr Harbaksh Singh, CEO Jammu Suraj Singh Rathore; District Youth Services and Sports Officer, Sukh Dev Raj Sharma along with other senior officers from concerned departments were present on the occasion. It was informed that sports competition in different disciplines would be conducted during the Inter-Panchayat Sports Competition like volleyball, Kabaddi, etc in which youth drawn from different panchayats of the district are participating. He exhorted that UT Administration is committed to provide better sporting facilities and infrastructure to the players of the UT so that they can perform better in the national and international competitions and bring laurels to J&K. Kumar alongwith other officers also inspected the stalls established by the Social Welfare Department and Health Department.

### सपा मेयर प्रत्याशी पूनम यादव के पति सिंकदर यादव ने नगर निगम क्षेत्र वाले डासना में मांगे वोट

# विकास संबंधी आपके सपने पूरा करना हमारी जिम्मेदारी: सिकंदर यादव





**गाजियाबाद।** सपा गठबंधन की महापौर प्रत्याशी पूनम यादव के लिए उनके पति सिकंदर यादव ने नगर निगम चुनाव के अंतर्गत आने वाले डासना गेट क्षेत्र में उनके लिए वोट मांगे। जनसंपर्क के दौरान विभिन्न जगहों पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सिकंदर यादव का वहां की जनता ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया ।सपा नेता सिकंदर यादव ने जनता से पूरे गाजियाबाद में आधारभूत विकास का वादा किया। उन्होंने नगर निगम चुनाव के दूसरे चरण में 11 मई को मतदान के दिन चुनाव चिन्ह साईकिल के सामने वाला बटन दबाकर सपा की मेयर प्रत्याशी पूनम यादव को भारी मतों से विजय दिलाने की अपील की। इस पर जनता ने सपा प्रत्याशी को पूर्ण समर्थन देने का वादा करते हुए पूनम यादव को भारी मतों से जिताने का भरोसा दिलाया।

***निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी सरोज गौतम ने पूनम यादव को समर्थन दिया***

गाजियाबाद। नगर निगम के वार्ड नंबर-2 सिद्धार्थ विहार, राहुल विहार से निर्दलीय पार्षद पद के उम्मीदवार सरोज गौतम पत्नी रोहिताश बौद्ध ने सपा मेयर प्रत्याशी को अपना समर्थन देने की घोषणा की है।

निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी सरोज गौतम के पति रोहिताश बौद्ध बहुजन समाज पार्टी में थे। उन्होंने अपनी पत्नी के लिए बसपा से टिकट मांगा था, लेकिन किसी कारण वंश उनको बहुजन समाज पार्टी से टिकट नहीं मिल सका। इसके बाद सरोज गौतम निर्दलीय के रूप में वार्ड -2 से प्रत्याशी हैं।

बुधवार को वे अपने पति और समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और आजाद समाज पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार पूनम यादव के मुख्य कार्यालय पहुंची, जहां उन्होंने सपा प्रत्याशी पूनम यादव के पति सिकंदर यादव को अपने समर्थन पत्र सौंपा।

***सपा मेयर प्रत्याशी पूनम यादव के समर्थन में निवर्तमान पार्षदों ने सिकंदर यादव संग की बैठक, बनी जीत की रणनीति***

गाजियाबाद। बुधवार को सपा मेयर प्रत्याशी पूनम यादव के समर्थन में समाजवादी पार्टी के निवर्तमान पार्षदों ने सपा नेता सिकंदर यादव संग की बैठक की। इस बैठक में निवर्तमान पार्षदों व अन्य नेताओं ने मिलकर सपा प्रत्याशी पूनम यादव को जिताने के लिए रणनीति तैयार की। सिकंदर यादव की अध्यक्षता में आहूत बैठक में आये सपा नेताओं ने जीत के मंत्र पर काम करने का निर्णय लिया। सपा नेता सिकंदर यादव ने किया पार्षद प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उदघाटन गाजियाबाद के नगर निगम चुनाव में जिन मेयर प्रत्याशी का दिख रहा है दम, उनका नाम है पूनम। यह नारा उनके समर्थन में आये पार्षद प्रत्याशी व उनके समर्थक लगाते नजर आ रहे हैं। उधर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सिकंदर यादव ने वार्ड नंबर -13 से सपा-रालोद गठबंधन प्रत्याशी श्रीमती प्रीति सिद्धार्थ जाटव के चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद जनसंपर्क कर क्षेत्रीय जनता से गाजियाबाद के विकास को लेकर चर्चा की। सिकंदर यादव ने सभी लोगों से 11 मई को मतदान के साईकिल के सामने वाला बटन दबाकर सपा महापौर प्रत्याशी पूनम यादव व समस्त गठबंधन प्रत्याशियों को विजय दिलाने की अपील की।

***इसके अलावा सपा मेयर प्रत्याशी पूनम यादव के पति सिकंदर यादव ने वार्ड नंबर-11 से***

समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रीना देवी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया ।इस अवसर पर जनसंपर्क करके उन्होंने पूनम यादव के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इनके अलावा सिकंदर यादव ने वार्ड नंबर-15 से पार्षद प्रत्याशी सरजीत कौर और वार्ड नंबर -14 के प्रत्याशीप्रदीप कुमार शर्मा के यहां जाकर उनके कार्यालयों का उद्घाटन किया और सपा गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

# फीस नही लौटने वाले स्कूलो पर कार्यवाई क्यो नही ?: सीमा त्यागी



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी द्वारा गाजियाबाद के जिला प्रशासन और जिला विद्यालय निरीक्षक की 15 प्रतिशत फीस वापसी के मुद्दे पर उदासीनता को लेकर सवाल खड़े किए गए है गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी का कहना है कि जब निकाय चुनाव से पहले नोएडा और बुलंदशहर में अभिभावको को 15 प्रतिशत फीस वापस नही करने वाले स्कूलो पर कार्यवाई कि प्रक्रिया प्रारम्भ की जा सकती है तो गाजियाबाद में क्यो नही ? नोएडा के जिलाधिकारी द्वारा नोएडा के लगभग 100 स्कूलो पर कार्यवाई सुनिश्चित करते हुये एक -एक लाख का जुमार्ना लगाया है जबकि बुलंदशहर के जिलाधिकारी द्वारा लगभग 113 स्कूलो को नोटिस भेजा गया है जबकि गाजियाबाद में जीपीए के दबाब और आंदोलन की चेतावनी के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने 25 मॉर्च 2023 को गूगल मीट के माध्यम से निजी स्कूलों के साथ मीटिंग की लेकिन मजे की बात यह है कि इस मीटिंग में केवल 82 निजी स्कूल ही उपस्थित हुये जबकिं जिले में 200 से भी ज्यादा सीबीएसई और आईसीएसई के मान्यताप्राप्त स्कूल है हालांकि इस मीटिंग के कोई बहुत अच्छे परिणाम सामने नही आये क्योकि कुछ चुनिंदा स्कूलो ने ही फीस वापसी के लिए पेरेंट्स को मैसेज भेजे है उसमें भी स्कूल ने अपनी मर्जी चलाई है कुछ स्कूलो ने अपने सर्कुलर में सुप्रीमकोर्ट में जाने की बात कही है तो इंदिरापुरम के एक बड़े स्कूल ने तो फीस लौटने के लिये 317 रुपये की 2 साल की किस्त ही बांध दी है निजी स्कूलों के साथ हुये इस मीटिंग को हुये लगभग एक सप्ताह से भी ज्यादा का समय बीत गया है लेकिन मीटिंग में अनुपस्थित लगभग 100 से भी ज्यादा स्कूलो को ना तो कोई नोटिस भेजा गया है और ना ही कोई कार्यवाई की गई है जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मीटिंग के दो दिन बाद मीडिया के माध्यम से बयान दिया गया था कि निजी स्कूलों से 15 प्रतिशत फीस वापसी को लेकर 28 तारीख तक डाटा मांगा गया है इसके तो तीन दिन के अंदर जिला स्तरीय शुल्क नियामक समिति (डीएफआरसी) की मीटिंग कर फीस नही लौटने वाले स्कूलो पर कड़ी कार्यवाई करेगे लेकिन अब कहा जा रहा है कि निकाय चुनाव चुनाव सम्पन्न होने पर 15 तारीख के बाद डीएफआरसी की मीटिंग की जाएगी ।जो अधिकारियों की मंशा पर सवाल खड़ा करता है कि जब नोएडा और बुलंदशहर के शिक्षाधिकारियों और जिलाधिकारी द्वारा फीस नही लौटने वाले स्कूलो पर कार्यवाई की जा सकती है तो गाजियाबाद में क्यो नही ?

# महर्षि दयानन्द की 200 वीं जयंती पर 'आर्य महिला संगोष्ठी' संपन्न


## नारी जाति पर महर्षि दयानन्द के असंख्य उपकार: विमलेश बंसल दर्शनाचार्या




**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'आर्य महिला संगोष्ठी' का आयोजन ऑनलाइन किया गया।यह करोना काल से 531 वाँ वेबिनार था। मुख्य वक्ता वैदिक विदुषी विमलेश बंसल दर्शनाचार्या ने कहा कि नारी जाति पर महर्षि दयानन्द के अनेकों उपकार है जिन्हें गिन पाना अत्यन्त कठिन है।उन्होंने समलैंगिकता के मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी अपने परिवारों व बच्चों को कुछ सचेत करें। वैदिक प्रवक्ता अनिता रेलन ने कहा कि वेद शास्त्र पढ़ने का अधिकार स्वामी दयानन्द ने ही दिया।

अध्यक्षता कर रही रजनी चुघ ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं और सम्मान जनक स्थिति में हैं इसका श्रेय स्वामी दयानन्द को ही जाता है। वैदिक विदुषी कल्पना रस्तोगी ने कहा कि नरी आज पढ़ लिखकर आगे बढ़ रही है जो गौरव की बात है। वैदिक विदुषी श्रुति सेतिया ने कहा कि महिलाओं को अपने उच्च आचरण द्वारा अपने सम्मान को गरिमामय रखना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य के सान्निध्य में प्रतिभा खुराना, जनक अरोड़ा, कमला हंस, उर्मिला आर्य, उषा सूद, सुनीता अरोड़ा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आर्य युवा नेत्री दीप्ति सपड़ा ने संगोष्ठी का कुशल संचालन किया। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया और इस तरह के प्रेरणाप्रद कार्यक्रम निरन्तर होते रहने चाहिएं।

# सरकारी भूमि को भू माफियाओं से मुक्त कराने के लिए मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**गाजियाबाद।** किसान यूनियन अंबावत से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा भू माफियाओं के खिलाफ प्रदेश मुख्यमंत्री को लिखित ज्ञापन सौंपने की जिद पर अड़े नेताओं को गिरफ्तार करने के पश्चात थाना इंचार्ज ने अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन देते हुए यूनियन नेताओं से उनका ज्ञापन लिया।

शुक्रवार को मोदीनगर क्षेत्र स्थित ग्राम रघुनाथपुर खेड़ा मैं 32 बीघा सरकारी जमीन को भू माफियाओं से कब्जा मुक्त कराने की मांग को लेकर किसान यूनियन अंबावत उत्तर प्रदेश प्रभारी मुनेंद्र देव नागर के नेतृत्व में कार्यकर्ता गाजियाबाद रामलीला मैदान मैं आयोजित मुख्यमंत्री सभा में जाकर उनको अपना लिखित ज्ञापन सौंपने की जिद पर अड़े थे।

लेकिन भोजपुर थाना पुलिस ने किसान यूनियन अंबावत कार्यकताओं को सभा स्थल तक नहीं पहुंचने दिया और थाना भोजपुर इंचार्ज ने उनसे ज्ञापन लेते हुए यूनियन कार्यकताओं को आश्वासन दिया की वे उनका ज्ञापन उच्च अधिकारी तक पहुंचा कर समस्या समाधान का पूरा प्रयास करेंगे। इस मौके पर मौजूद रहे।

# ज्यादा पानी पीने से शरीर को होते हैं ऐसे नुकसान, जानिए कब और कितना पानी पीना है फायदेमंद

अनन्या मिश्रा

देश के कई हिस्सों में गर्मी के कारण पारा 40 डिग्री के पार चला गया है। गर्मी में लू लगने के कारण महाराष्ट्र में एक बड़ी सार्वजनिक रैली के दौरान 13 लोगों की मौत हो गई। एक्सपर्ट्स की मानें तो तेज धूप में खड़े होने के कारण लोगों की बॉडी में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन होने से उनकी मौत हो गई। हालांकि यह बात तो सभी लोगों को पता है कि गर्मी में खूब पानी पीना चाहिए। लेकिन कब, कैसे और कितना पानी पीना चाहिए, इसकी जानकारी होनी भी जरूरी है। क्योंकि गलत समय पर अधिक मात्रा में पानी पीना आपको नुकसान पहुंचा सकता है।



## गर्मी में पिएं इतना पानी

डाइटीशियन डॉ. कोमल सिंह के अनुसार, शरीर के मुताबिक लोगों में अलग-अलग पानी की जरूरत हो सकती है। हालांकि गर्मी के दिनों में एक वयस्क को दिन भर में कम से कम 8 गिलास पानी यानी कि करीब 3 से 3.5 लीटर पानी पीना चाहिए।

## एक बार में न पिएं इतना पानी

प्रतिदिन 3 से 3.5 लीटर पानी पीने का मतलब यह बिलकुल नहीं है कि दिन भर में आधा लीटर पानी पिएं और फिर शाम को एक बार में दो से ढाई लीटर पानी पिएं। पानी पीने के कोटे को इस तरह से पूरा नहीं करना चाहिए। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पूरा दिन में थोड़ा-थोड़ा करके पानी पीना चाहिए। एक बार में बहुत ज्यादा पानी न पिएं। जरूरत से ज्यादा पानी पीने के सेवन से बॉडी में खून की मात्रा भी जरूरत ज्यादा हो जाती है। साथ ही किडनी पर फिल्ट्रेशन का ज्यादा दबाव होता है। अधिक पानी पीने से बॉडी का इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बिगड़ने के साथ ही शरीर में सोडियम का लेवल भी कम हो सकता है। बता दें कि सोडियम का लेवल कम होने पर आपको शरीर में दर्द और ऐंठन जैसी समस्या हो सकती है।


## पानी का टेम्प्रेचर

अक्सर ऐसा देखा जाता है कि अधिक प्यास लगने पर लोग फ्रिज से बोतल निकाल कर ठंडा पानी पीते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी यह आदत सेहत के लिए अच्छी नहीं है। क्योंकि जब हमारा शरीर गर्म रहता है और हम ठंडा पानी पीते हैं तो शरीर के टेम्प्रेचर में अचानक से बदलाव आएगा। जिसके कारण आप बीमार भी पड़ सकते हैं।

## जठराग्नि को बुझा सकता है ठंडा पानी

आयुर्वेदार्चाय पं. अभिषेक उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि बाहर का टेम्परेचर चाहे कम हो या ज्यादा लेकिन हमारी बॉडी का तापमान बहुत ज्यादा नहीं बदलता। ऐसे में जरूरी नहीं कि आप गर्मी के मौसम में सिर्फ ठंडी चीजों का ही सेवन करते रहें। ऐसा करने से पेट की जठराग्नि बुझ सकती है। एक नियत तापमान पर ही कई तरह के पाचन एंजाइम रिलीज होते हैं। ऐसे में हर बार ठंडी पानी या कोई ठंडा ड्रिंक एंजाइम को रिलीज होने से रोक सकता है। जिसके कारण पाचन में दिक्कत हो सकती है। यही कारण है कि गर्मी के मौसम में अधिकतर लोग अपच और कै-दस्त की समस्या का शिकार होते हैं।

# डिप्रेशन के इन लक्षणों की पहचान कर बचा सकते हैं कई जिंदगियां, ऐसे करें अपने करीबियों की मदद




**कई बार ऐसी खबरें सुनने को मिलती हैं, जो हमें अंदर तक हिला कर रख देती हैं। जैसे हाल-फिलहाल भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे का सुसाइड केस। अगर आपके पास भी कोई ऐसा व्यक्ति है, जो डिप्रेशन से जूझ रहा है, तो आप उसकी इन तरीकों से मदद कर सकते हैं।**

बीते कुछ समय से हमें कुछ ऐसी खबरें सुनने को मिल रही हैं। जिन बार एक बार में तो यकीन करना मुश्किल हो जाता है। जैसे हाल ही में भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे ने आत्महत्या कर ली। कई बार लोग डिप्रेशन या तनाव की वजह से अपनी जान दे रहे हैं। न सिर्फ आकांक्ष दुबे बल्कि उनसे पहले भी कई जाने-माने कलाकारों ने मौत को गले लगाकर लोगों को हैरान कर दिया। लेकिन ऐसा क्या कारण होता है, जिसके कारण लोग सुसाइड जैसा बढ़ा कदम उठा लेते हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसी ही वजहों के बारे में, जो व्यक्ति को सुसाइड जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर कर देती हैं।

## सुसाइड के कारण

दुनियाभर में बीते कुछ समय से खुदकुशी एक चिंता का विषय बना हुआ है। लगभग हर वर्ग के लोग अपनी जिंदगी से हताश होकर जान दे रहे हैं। आमतौर पर सुसाइड का मुख्य कारण डिप्रेशन माना गया है। लेकिन यह भी जरूरी नहीं है कि इसकी कोई एक वजह हो। कई अन्य कारणों से भी परेशान लोग आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। आत्महत्या के पीछे कुछ प्रमुख कारण हैं। आइए जानते हैं इन कारणों के बारे में...

तनाव
डिप्रेशन
एंग्जायटी
अकेलापन
साइकैट्रिक डिसऑर्डर
तनावग्रस्त व्यक्ति की ऐसे करें पहचान
अकेले रहना
चिड़चिड़ापन
मूड्स स्विंग
नींद नहीं आना
नर्वस होना
स्वयं को अयोग्य या दोषी मानना
जीवन से अरूचि हो जाना
वजन में उतार चढ़ाव
किसी भी काम में मन नहीं लगना
दिन भर और खासकर सुबह के समय उदासी
लोगों से मिलने से कतराना
बारझबार मृत्यु या आत्महत्या के विचार आना

## ऐसे करें इन लोगों की मदद

अगर आप भी अपने आसपास किसी व्यक्ति में इस तरह के लक्षण देख रहे हैं। तो हो सकता है कि वह व्यक्ति डिप्रेशन से गुजर रहा हो और तनाव फील कर रहा हो। ऐसी स्थिति में आप उनकी मदद कर सकते हैं। डिप्रेशन से गुजर रहे व्यक्ति के लिए बेहतर होगा कि आप उनकी बातों को सुनें। बता दें कि जो व्यक्ति डिप्रेशन से गुजर रहा होता है, वह कोई समाधान या जवाब नहीं चाहता है। ऐसा व्यक्ति किसी ऐसे सुरक्षित स्थान को चाहता है। जहां पर वह अपनी चिंताओं और भय को खुलकर व्यक्त कर सके। जहां पर लोग उसकी बात को सुनें। नीचे बताए गए तरीकों से आप भी अवसादग्रस्त व्यक्ति की मदद कर सकते हैं।

ऐसे में व्यक्ति की बातों को आपको बेहद ध्यान से सुनना चाहिए।

बातों को सुनने के अलावा वह जो बता रहे हैं, उसके पीछे उनकी फीलिंग्स को समझने का प्रयास करें।

तनाव से गुजर रहे व्यक्ति की मदद करने के लिए जरूरी है कि आप उनकी चीजों को उनके दृष्टिकोण से देखें।

## विश्वासपात्र व्यक्ति

निराश और हताश व्यक्ति की बातें सुनने के बाद उनकी भावनाओं का सम्मान करें। डिप्रेशन से गुजर रहा व्यक्ति चाहता है कि उनके द्वारा कही गई बातों को गुप्त रखा जाए। साथ ही उनकी बातें सुनने के दौरान उन पर हावी होने का प्रयास न करें।

## बात को सुनें

डिप्रेशन से गुजर रहा व्यक्ति अपने जीवन से निराश व हताश हो जाता है। ऐसे में उसे एक ऐसे विश्वसपात्र व्यक्ति की तलाश होती है, जो उसकी बातों को ध्यान से सुनें। कोई ऐसा व्यक्ति को जो बिना किसी राय, निर्णय या सलाह के तनाव से जूझ रहे व्यक्ति की बातों को सुनें।

ध्यान और ख्याल रखने वाला व्यक्ति

तनावग्रस्त व्यक्ति अपने आसपास किसी ऐसे शख्स को चाहता है, जो जरूरत पड़ने पर उसके साथ मौजूद हो, उन्हें मानसिक तौर पर शांति दे सके। ऐसे लोग चाहते हैं कि कोई उनका विश्वास जीत सकें और उन्हें यह एहसास दिलाएं कि वह भी उनकी परवाह करता है।

डिप्रेशन से पीड़ित व्यक्ति को इन चीजों से बचाएं

डिप्रेशन की समस्या से जूझ रहे व्यक्ति को जितना हो सके अकेले न रहने दें।

अगर कोई आपसे अपने मानसिक तनाव के बारे में या परेशावनी आदि के बारे में बता रहा है, तो उसे सलाह नहीं दें।

मानसिक तनाव से परेशान व्यक्ति की किसी से तुलना, वर्गीकरण, विश्लेषण या आलोचना न करें। उनको आश्वासन देने से बचना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति आपके सामने जान देने, या सब कुछ खत्म करने के बारे में बोले, तो इसे नजरअंदाज करने की गलती न करें। ऐसा व्यक्ति चाहता है कि आप उसकी बातों को सुनकर उसपर दया या सहानुभूति न दिखाएं।

# मोदी योगी के नेतृत्व में बह रही विकास की गंगा की गति को तीव्र करने के लिए ट्रिपल इंजन सरकार जरूरी: सुनीता दयाल



**गाजियाबाद।** भाजपा महापौर प्रत्याशी सुनीता दयाल को हर वर्ग के लोगों का समर्थन मिल रहा है। जन सम्पर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुनीता दयाल ने कहा कि हर वार्ड में विकास को नया आयाम मिलेगा। सड़क, बिजली, पानी सीवर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निकाय चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आते-आते प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। ट्रिपल इंजन सरकार बनाने की अपील करते हुए सुनीता दयाल ने कहा कि मोदी योगी के नेतृत्व में विकास की जो गंगा बही है उसको और तीव्र गति देने के लिए और महानगर के हर गली मोहल्ला सोसायटी को सुंदर स्वच्छ चमकदार बनाने के लिए भाजपा को वोटकर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाकर ट्रिपल इंजन सरकार बनाए। इस दौरान लोगों ने भाजपा को वोट देकर महानगर के विकास का डिब्बा ट्रिपल इंजन में जोड़ने के लिए जनता ने संकल्प लिया। उन्होंने दर्जनों वार्डो में जनसम्पर्क कर भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों के लिए जनता से वोटों की अपील की। बतादे कि मतदान की तारीख जैसे समीप आ रही है मतदाता भी चुनावी रुख को भांपने लगा है। दबी जुबान मतदाता अभी से कहने लगे कि कोई कितने जतन कर ले मेयर सीट पर तो भाजपा की ही जीत होगी।

# दमकल विभाग ने कई इलाकों में किया मॉक ड्रिल, सब लोगों को आग से बचाव पर आग बुझाने की दी गई जानकारी





**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दमकल विभाग की टीम ने कई इलाकों में मॉक ड्रिल किया इस दौरान लोगों को आग से बचाव और आग बुझाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि गाजियाबाद में स्कीम के तहत फायर स्टेशन वैशाली के द्वारा एसेंट बिज होटल खोड़ा, पार्क एसेंट होटल खोड़ा, जैनेक्स होटल अहिंसा खंड-2 इंदिरापुरम, गोल्डन फ्रेम होटल न्यायखंड-1 इंदिरापुरम, सेंट्रल पार्क होटल कौशांबी, होटल लेमन ट्री कौशाम्बी, फायर स्टेशन कोतवाली के द्वारा प्राइम हॉस्पिटल शास्त्री नगर, गौर मॉल आर0डी0सी0 राजनगर, दुबई मॉल आर0डी0सी0 राजनगर, वी0वी0आई0पी0 मॉल राजनगर एक्सटेंशन, फायर स्टेशन साहिबाबाद के द्वारा होटल कंट्री इन साईट-4, ग्रीन पाम होटल, बनाना ट्री इण्ड0 एरिया साईट-4, होटल क्लाईड एण्ड बैंकट हॉल बिजनेस पार्क, फायर स्टेशन मोदीनगर के द्वारा होटल कृष्णा सागर, तरुण गेस्ट हाउस, होटल किंग पैलेस, लाला जी होटल सीकरी कलॉ, होटल ग्रीन वैली सीकरी कलॉ कुल 19 स्थानो का फायर ऑडिट/मॉक ड्रिल कराकर वहाँ पर उपस्थित लोगों को अग्निशमन यंत्र प्रयोग करने एवं आग से बरती जाने वाली सावधानियां के संबंध में जानकारी दी गई।

# आबकारी विभाग की टीम ने दूसरा तस्करों को किया गिरफ्तार, अवैध शराब भी बरामद की गई



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में आबकारी विभाग की टीम ने दो ऐसे अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जो स्कूटी के माध्यम से दूसरे प्रदेश की अवैध शराब को गाजियाबाद लेकर आ रहे थे जैसे ही दोनों शख्स थाना साहिबाबाद सीमापुरी चौकी के पास पहुंचे तो उनकी स्कूटी की जांच की गई जिसमें अवैध विदेशी मदिरा क्रेजी रोमियो ब्रांड के 165 पव्वे बरामद किए। यह शराब अरुणाचल प्रदेश में बिक्री हेतु अनुमन्य थी लेकिन यह लोग सस्ते दामों में खरीद कर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में खपाने का प्रयास कर रहे थे इसी दौरान दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। आबकारी विभाग के अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए। इस आदेश के तहत जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में आज दिनांक 6/5/ 2023 को आबकारी टीम एवं थाना साहिबाबाद पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से ट्रांसपोर्ट नगर के पास रोड चेकिंग के दौरान दो अभियुक्त साबिर पुत्र इकरार निवासी मकान नंबर 25 सहीद नगर थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद व तारिक पुत्र वाकलुद्दीन निवासी गणेशपुरी थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद को टीवीएस स्कूटी उ्छ 7 रउट 1428 पर 165 पौवे अवैध विदेशी मदिरा क्रेजी रोमियो ब्रांड , सभी अरुणाचल प्रदेश में बिक्री हेतु अनुमन्य ,का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना साहिबाबाद में आबकारी अधिनियम की धारा 60, 63,72 के तहत अभियोग पंजीकृत कराते हुए जेल भेजा गया है।

# मुख्यमंत्री जी के आगमन से पूर्व ही जीपीए की अध्यक्ष सीमा त्यागी को किया हाउस अरेस्ट



**गाजियाबाद।** प्रदेश के अभिभावको की आवाज उठाने वाली गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी को आज मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व ही सुबह 5 बजे भारी पुलिस बल ने उनके पी ब्लॉक सेक्टर 23 संजय नगर स्थित घर पहुँचकर हाउस अरेस्ट कर लिया।लेकिन प्रदेश सरकार और प्रशासन के इस कदम को सीमा त्यागी ने लोक तंत्र की हत्या बताया है।

जीपीए की अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बताया कि जब भी मुख्यमंत्री का आगमन गाजियाबाद की धरती पर होता है तभी मेरे को जिले का पुलिस प्रशासन हाउस अरेस्ट कर लेता है जिससे प्रतीत होता है कि या तो मुख्यमंत्री जी शिक्षा के मुद्दे से भयभीत है, या फिर यहाँ का प्रशासन और पार्टी के बड़े राजनैतिक नेता अभिभावको की पीड़ा मुख्यमंत्री जी तक पहुचना ही नही देना चाहते हैं।

मुझे हाउस अरेस्ट कर प्रशासन ने यह साबित कर दिया है। कि प्रशासन जनता का सेवक नही बल्कि इन नेताओं की कठपुतली बना हुआ है और आम आदमी अगर अपने अधिकार की आवाज उठता है तो उसे नजरबंद कर दिया जाता है मैं आज मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहती हूँ कि क्या प्रदेश के सरकारी स्कूलों को ठीक करने की मांग करना गलत है ? क्या प्रदेश के निजी स्कूलों की बेहताशा फीस वृद्धि पर रोक लगाने की मांग करना गलत है ? क्या आरटीई के अंर्तगत चयनित बच्चों को उनका शिक्षा का अधिकार दिलाने की मांग गलत है ?

क्या प्रदेश के प्रत्येक जिले में सैनिक स्कूल खोलने की मांग करना गलत है ? क्या प्रदेश के निजी स्कूलों में एनसीइआरटी के पाठ्यक्रम की मांग करना गलत है ? क्या प्रदेश के सांसदों और विधायको को सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने के लिए 5 -5 सरकारी स्कूलों को गोद देने की मांग गलत है क्या ये सभी मुद्दे उठाना आतंकवाद और देशद्रोही की श्रेणी में आता है जो हर बार मुझे हाउस अरेस्ट कर मानसिक प्रताड़ित किया जाता है।

# नगर आयुक्त ने शहर भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य प्रहरीयों से की मुलाकात, स्वच्छता के लिए किया मोटिवेट, जानी मन की बात




**गाजियाबाद।** डॉ नितिन गौड़ नगर आयुक्त गाजियाबाद द्वारा शहर भ्रमण के दौरान सफाई व्यवस्था का जायजा शायकाल में लिया गया, इसी दौरान बाजारों में सफाई व्यवस्था कर रहे स्वास्थ्य प्रहरीयो से मुलाकात की, उनको स्वच्छता के प्रति उत्साहित किया साथ ही उनसे उनके परिवार जनों के हाल-चाल भी जाने।

शास्त्री नगर वार्ड संख्या 47 के अंतर्गत नगर आयुक्त महोदय द्वारा सफाई व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया जिस के क्रम में सफाई मित्रों द्वारा नगर आयुक्त महोदय के साथ सेल्फी ली गई तथा नगर आयुक्त महोदय द्वारा उनके परिवार जनों का हाल जाना गया सभी से पारिवारिक रूप से बात की गई, स्वास्थ्य प्रहरीयों को नगर आयुक्त महोदय द्वारा उनकी मन की बात पूछे जाने पर खुशी हुई सभी ने बारी बारी अपने बच्चों माता-पिता भाई बहनों के बारे में बताया नगर आयुक्त महोदय नहीं सभी के स्वास्थ्य का हाल जाना और शहर का ध्यान रखने के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए भी कहा, उपस्थित सफाई मित्रों के साथ नगर आयुक्त महोदय द्वारा सेल्फी भी ली गई।

गाजियाबाद नगर निगम के सफाई मित्र जो कि शहर की गंदगी को साफ करते हैं उनको सम्मान देते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बार-बार उनके स्वाभिमान को बढ़ाने का कार्य कर रहा है, नगर आयुक्त महोदय से वार्ता के दौरान सफाई मित्रों ने बताया कि नगर आयुक्त महोदय की अपील से समस्त शहरवासी सफाई मित्रों का सहयोग करने के लिए आगे आए हैं उनके साथ सेल्फी ही नहीं ले रहे हैं। बल्कि स्वच्छता में भी सहयोग कर रहे हैं जो कि सराहनीय है जिसके लिए नगर आयुक्त महोदय का सफाई मित्रों ने धन्यवाद जताया, मौके पर आसपास के व्यापारियों तथा क्षेत्रवासियों ने भी सफाई मित्रों के साथ सेल्फी लेकर उनका मनोबल बढ़ाया और स्वच्छता में सहयोग भी किया।

# कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना के आतंक का हुआ अंत

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भय और आतंक का पर्याय बन चुका था अनिल दुजाना





**ग्रेटर नोएडा।** दादरी क्षेत्र के दुजाना गांव के रहने वाले और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर बदमाश अनिल दुजाना ने अपराध की दुनिया में करीब 25 साल पूर्व गांव के ही अपने गुरु टीटू के साथ अपराध की दुनिया में कदम रखा था और सर्वप्रथम बुलंदशहर में एक रिश्तेदार की हत्या करने का आरोप था। जबकि दूसरी घटना गाजियाबाद के कविनगर में हरवीर पहलवान की हत्या करने के बाद कदम अपराध की दुनिया में आगे बढ़ता चला गया था । अनिल दुजाना की मुठभेड़ में हत्या होने के बाद क्षेत्र में पनप रहे अपराध पर लगाम लग सकेगी ।

बता दें कि गांव दुजाना में 70 से 80 के दशक में कुख्यात डकैत सुंदर सिंह डाकू बनकर अपराध की दुनिया में फेमस हुआ था । और घोड़ी पर चलकर उनके रुतबे का जलवा रहा था ।और देश के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जान से मारने की धमकी दी थी । धमकी देने पर पुलिस में मुठभेड़ में सुंदर डाकू को मार गिराया था। उसके बाद गांव का नाम सुर्खियों में रखने के लिए अनिल नागर ने अपने नाम के पीछे अनिल दुजाना लगाकर अपराध की दुनिया में कदम बढ़ाया था । और अपराध को अंजाम देने के बाद खड़ा होकर अपने को अनिल दुजाना के नाम से पुकार कर फरार हो जाता था ।वर्ष 2002 में गाजियाबाद के कविनगर में हरवीर पहलवान की हत्या की थी ।जिससे कदम पर कदम बढ़ते हुए चले गऐं ।वर्ष 2004 में जिला पंचायत अध्यक्ष नरेश भाटी की हत्या सुंदर भाटी गैंग ने ग्रेटर नोएडा के गांव घघोला के पास की थी । जिसमें नरेश भाटी के भाई रणदीप भाटी और भांजे अमित कसाना ने हत्या का बदला लेने के लिए अनिल दुजाना से हाथ मिलाया था । वर्ष 2011 में सुंदर भाटी पर जान से मारने के लिए तीनों ने साहिबाबाद में हमला किया था ।जिसमें ताबड़तोड़ गोलियां चलने पर दो लोगों की मौत हो गई थी । और सुंदर भाटी बाल बाल बच गए थे ।अनिल दुजाना की बड़े भाई जय भगवान की हत्या गांव दुजाना में कर दी गई थी उक्त मामले का आरोप भी सुंदर भाटी पर था ।जबकि नगर के रेलवे रोड पर ग्रेटर नोएडा के गांव खेड़ी निवासी जयचंद प्रधान की हत्या प्रातः के समय ताबड़तोड़ गोलियां चला कर की गई थी । और हत्या करने के बाद सड़क के बीचो बीच डिवाइडर पर खड़ा होकर अपने को अनिल दुजाना का नाम से आवाज देकर फरार हो गया था । अनिल दुजाना पर अट्ठारह हत्याएं समेत रंगदारी , लूटपाट , जमीनों पर कब्जा , जमीन छुड़वाना , गैंगस्टर समेत 52 संगीन मामले दर्ज हैं ।

वर्ष 2021 में अनिल ने लोनी कोतवाली क्षेत्र के गांव घिटोरा निवासी पूजा के साथ शादी की थी। अब अनिल दुजाना पर एक साल की बेटी है ।जेल में बंद रहने के बाद जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ा था ।जो जेल में रहते हुए जीत गया था ।

### गांव में कुख्यात बदमाश के घर के पास लगी पुलिस

वहीं दादरी के गांव दुजाना में कुख्यात गैंगस्टर बदमाश अनिल दुजाना के घर के पास से जाने वाले रास्ते पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच में पुलिस लगी है । तथा घर के आसपास पुलिस बल तैनात है ।बता दें कि कुख्यात गैंगस्टर बदमाश अनिल दुजाना का बृहस्पतिवार को मेरठ जनपद के जानी कोतवाली क्षेत्र की नहर पर एसटीएफ पुलिस द्वारा मुठभेड़ के बाद ढेर कर दिया गया ।मुठभेड़ में ढेर होने के बाद कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना की मौत की सूचना गांव व क्षेत्र में आग की तरह फैल गई । और गांव में तरह-तरह की चचाओं का बाजार गरम हो गया ।सूचना पाकर गांव में पुलिस बल पहुंच गया और अनिल दुजाना के घर के पास से जाने वाले रास्ते पर आने जाने वाले वाहनों की जांच करने में पुलिस लग गई । तथा वाहन चालकों से रोककर आने जाने के बारे में भी पुलिस पूछती रही । अनिल दुजाना के घर के आसपास के लोग कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं थे ।गांव में दबी जुबान से अपराध का खात्मा होने से चेहरे पर खुशी भी नजर आ रही थी ।लेकिन ग्रामीण कुछ भी बोलने को तैयार नहीं थे ।अनिल दुजाना की मुठभेड़ में मौत के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। दादरी क्षेत्र में पुलिस भी मुस्तैद कर दी गई है !

# उत्साह और नव संकल्प के साथ पूर्ण हुआ 108 दिवसीय माँ बगलामुखी व सहस्त्र चण्डी महायज्ञ

**गाजियाबाद।** शिवशक्ति धाम में 18 जनवरी 2023 से आरम्भ हुए 108 दिवसीय माँ बगलामुखी और सहस्त्र चण्डी महायज्ञ की पूणार्हुति सम्पन्न हुई। पूणार्हुति के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह और नव संकल्प के साथ महायज्ञ में अपनी आहुति समर्पित की।यह महायज्ञ सनातन धर्म की रक्षा,सनातन धर्म के शत्रुओ के समूल विनाश तथा सभी भक्तगणों की सात्विक मनोकामनाओं की पूर्ति के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।महायज्ञ की पूणार्हुति पर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने महायज्ञ में किसी भी तरह से सहयोग करने वाले प्रत्येक श्रद्धालु के लिये माँ और महादेव से प्रार्थना की और उनके यश,बल, आयु और समृद्धि में अतुलनीय उत्थान की प्रार्थना की।

आज के महायज्ञ का भंडारा बहुत ही श्रद्धा के साथ डासना के वैश्य समाज ने किया जिसमें लगभग 5 हजार से अधिक लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।इस व्यवस्था में




अजय अग्रवाल पप्पू, आशाराम गोयल,नरेंद्र गोयल, संजय मित्तल,नितिन सिंघल, शिवानंद सिंघल, सुनील जिंदल,सुनील गर्ग, रामकुमार मित्तल,सतीश गोयल तथा अन्य प्रतिष्ठित वैश्य भाइयो का सहयोग रहा।

माँ बगलामुखी महायज्ञ की पूणार्हुति महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी के द्वारा व सहस्त्र चण्डी महायज्ञ की पूणार्हुति विद्वान आचार्यो के द्वारा सम्पन्न कराई गई।महायज्ञ में डॉ भीष्म कपूर,दिनेश अग्रवाल,आचार्य दीपक तेजस्वी,धीरज नागर, डॉ उदिता त्यागी,श्रीमती शशि चौहान, श्रीमती बीना मित्तल,पंकज मित्तल,अक्षय त्यागी, राजेश यादव,अनिल यादव,मुकेश त्यागी, संजय त्यागी,पंकज प्रधान,ममता अरोड़ा, मोहित बजरंगी के साथ अनेक भक्तजनों का सहयोग रहा।महायज्ञ की पूणार्हुति में बड़ी संख्या में साधु संतों ने भी भाग लिया।

महायज्ञ की पूणार्हुति के साथ ही आज शिवशक्ति धाम डासना में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था।रक्तदान शिविर में सबसे पहला रक्तदान शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी ने किया।

इस अवसर पर रक्तदान की महिमा बताते हुए महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि रक्तदान महादान है।रक्तदान करके मानव के अमूल्य जीवन की रक्षा की जाती है।रक्तदान करने वाला व्यक्ति मंगल दोष से मुक्त हो जाता है जिससे उसे शस्त्र या दुर्घटना के द्वारा अकाल का भय नही रहता।प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में एक बार अवश्य की रक्तदान करना चाहिये।

माँ के महायज्ञ की पूणार्हुति के साथ ही यह भी तय किया गया कि सनातन धर्म की रक्षा के उद्देश्य से महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज एक हजार युवाओ के जत्थे के साथ कावंड आकर पारदेश्वर महादेव को समर्पित करेंगे।

## गाजियाबाद पुलिस अधिकारी लिस्ट

### आईपीएस अधिकारी

**अजय कुमार मिश्र**
पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद
9643322900
ऑफिस 0120-2820758

**दिनेश कुमार ADCP**
गाजियाबाद- 9643320500

**रवि कुमार DCP rural**
गाजियाबाद-9643322902

**दीक्षा शर्मा DCP**
ट्रांस हिंडन-9643322903

**निपुण अग्रवाल DCP**
सिटी- 9643322901
ऑफिस 0120-2854015

**पाटिल निमिष दशरथ ACP**
मसूरी- 9643322911

### पीपीएस अधिकारी

**सुभाष चंद्र गंगवार ADCP प्रोटोकाल/112 गाजियाबाद**
9643322890

**ज्ञानेद्र कुमार सिंह ADCP क्राइम**
गाजियाबाद- 9643322905

**रामानद PD कुशवाहा ADCP ट्रैफिक**
गाजियाबाद- 9643322897
ऑफिस- 0120-2895520

**आलोक दुबे ADCP/ACP नंदग्राम**
गाजियाबाद- 9643322907
ऑफिस-0120-2791769

**अवनीश कुमार ADCP/ACP**
ऑफिस- गाजियाबाद
9643320207

**सुनील कुमार सिंह एसीपी**
सिक्योरिटी/महिला क्राइम

**पूनम मिश्रा ACP- साहिबाबाद**
गाजियाबाद-9643322909

**स्वतंत्र कुमार सिंह ACP इंदिरापुरम**
गाजियाबाद -9643322908
ऑफिस- 0120-2898131

**भास्कर वर्मा ACP क्राइम/ट्रैफिक**
गाजियाबाद 9643320599

**अंशू जैन ACP कोतवाली**
गाजियाबाद-9643322906
ऑफिस -0120-2733070

**रजनीश कुमार उपाध्याय ACP लोनी**
गाजियाबाद- 9643322910
ऑफिस 0120-3125539

**अभिषेक श्रीवास्तव ACP कविनगर/लेखा**
गाजियाबाद- 9643208958

**रवि प्रकाश सिंह ACP वेव सिटी**
गाजियाबाद -9643320404

**रितेश त्रिपाठी ACP मोदीनगर**
गाजियाबाद 9643322912

### RI लाइन गाजियाबाद

**उदल सिंह इंस्पेक्टर RI गाजियाबाद**
9643322890
ऑफिस 0120-2766510

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.